दीनदयाल उपाध्याय
गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर–273009

Deen Dayal Upadhyaya
Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009

(Accredited A++ by NAAC)

पत्रांक : सम्बद्धता / 2025 / 08 / 7151

दिनांक : 28 / 08 / 2025.

**आवश्यक / महत्वपूर्ण**

सेवा में,

प्राचार्य,
**समस्त** सम्बद्ध महाविद्यालय
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

**विषयः विश्वविद्यालय में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति एवं सी0सी0टी0वी0 व्यवस्था के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया, श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उ0प्र0 के पत्र संख्या– ई–5914 / 32–जी0एस0 / 2025 / 103–3 / 154 / 2025 दिनांक– 26.08.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति तथा सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। विश्वविद्यालय के अध्यादेश के अनुसार किसी छात्र / छात्रा की उपस्थिति यदि 75 प्रतिशत से कम पायी जाती है, तो उसे परीक्षा फार्म भरने एवं परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि–

1. महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्रों को इस आशय का नोटिस निर्गत करें।
2. नोटिस को महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करें, वेबसाइट पर प्रकाशित करें तथा कक्षा में व्यक्तिगत रूप से भी अवगत करायें।
3. उपस्थिति की बायोमेट्रिक प्रणाली द्वारा सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास करें ताकि उपस्थिति का सही लेखा जोखा रखा जा सके।
4. परिसर में सी0सी0टी0वी0 कैमरे स्थापित किये जाये, जिससे पारदर्शित एवं सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

कृपया उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(डी0के0 श्रीवास्तव)
कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
2– प्रभारी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3– वैय0 सहायक कुलसचिव।

(सी0के0 धीमान)
उपकुलसचिव

① Dr. Ambrish K. Sr.
② Incharge Agency
29/8/25